हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 196 देहरादून, रविवार, 28 जनवरी, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




डीएम खुराना की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के टीबी फोरम की बैठक संपन्न 3

# मुख्यमंत्री धामी ने सीएम आवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको मिलकर योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का लाभ दिया गया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कार्य हुए है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ। मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के तहत तेजी से कार्य हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। जनभागीदारी एवं जन सहयोग से उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव जे.एस कांडपाल और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।





## सीएम धामी ने भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर बलवीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।



## मुख्य सचिव डॉ. संधु ने सचिवालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सचिवालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सचिवालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि गणतंत्र देश की बहुत बड़ी विशेषता यह होती है कि यह देश के प्रत्येक नागरिक को देश के शीर्षतम्‍ पद तक पहुंचने का अधिकार देता है। मुख्य सचिव ने सचिवालय में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत के संविधान में उल्लिखित नागरिकों के मूल कत्र्तव्यों पर ध्यान आकर्षित करते हुए 10वें मूल कत्र्तव्य 'व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास करना ताकि राष्ट्र निरन्तर प्रयास और उपलब्धि के उच्च स्तर तक पहुंचे' को आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम अपने उत्कृष्ट निर्णयों और कार्यों से प्रदेश और प्रदेश के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाल कर उनके विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, एल. फैनाई, सभी सचिव एवं अपर सचिव सहित सचिवालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस परेड : देहरादून में सूचना विभाग की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां प्रदर्शित की गई जिसमें सूचना विभाग की झांकी को पहला स्थान मिला है। यह पुरस्कार राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु द्वारा प्रदान किया गया जिसे महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी व संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी के.एस. चौहान ने प्राप्त किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इक्कीसवीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का है। देवभूमि उत्तराखण्ड में विकसित भारत के अन्तर्गत कई लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं के कार्य जैसे ऑल वेदर रोड़, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन, होम स्टे, रोप-वे आदि पर तेजी से कार्य किया जा रहा है तथा पारम्परिक अनाजों का भी पर्याप्त मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है। सूचना विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सूचना विभाग द्वारा ''विकसित उत्तराखण्ड'' की झांकी का निर्माण किया गया है।

झांकी के अग्र भाग में उत्तराखंडी महिला को पारम्परिक वेशभूषा में स्वागत करते हुए दिखाया गया है तथा पारंपरिक अनाज मंडुवा, झंगोरा, रामदाना तथा कौंणी की खेती व राज्य पक्षी मोनाल को दिखाया गया है।

झांकी के मध्य भाग में होम स्टे को दिखाया गया है। पहाड़ों में होमस्टे योजना से हजारों ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में उत्तराखण्ड के सरमोली गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया गया है। साथ ही लखपति दीदी योजना से उत्तराखण्ड में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। स्वयं सहायता समूह में कार्य करते हुए स्थानीय महिलाओं व सुदूर पहाडों में सौर ऊर्जा तथा मोबाईल टावर को दिखाया गया है।

झांकी के आखरी भाग में ऑल वेदर रोड़, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, रोप-वे तथा भारत के प्रथम गांव माणा के लिए रोड़ कनेक्टिवी को दर्शाया गया है। इन योजनाओं से उत्तराखण्ड में यात्रियों के लिए आवागमन की सुविधा में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है।

झांकी का डिजाईन एवं कान्सेप्ट व निर्माण विभाग के संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी के.एस.चौहान के निर्देशन में किया गया है। झांकी के साथ उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर आधारित पारम्परिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए कलाकार थे।



# पर्यटन का केंद्र बनेगा चीन सीमा से सटा जादूंग गांव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी 27 जनवरी : उत्तरकाशी का जादूंग गांव जल्द ही पर्यटन का केंद्र बनेगा। भविष्य में यहां पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों की आर्थिकी भी मजबूत होगी।

केंद्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में शामिल जादूंग के पर्यटन विकास के दृष्टिगत इसे होम स्टे कलस्टर के रूप में विकसित करने की योजना को धामी मंत्रिमंडल की बैठक में हरी झंडी दे दी गई। जादूंग गांव चीन सीमा से सटा इलाका है, ये जिला मुख्यालय से 130 किलोमीटर दूर है।

साल 1962 के भारत-चीन युद्ध के समय गांव को खाली करा दिया गया था। तब से गांव के 56 परिवार डुंडा व बगोरी में रह रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक इनका विस्थापन नहीं हो पाया है। इस बीच केंद्र सरकार ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में इस गांव को भी शामिल किया तो इसे जीवंत बनाने को कार्ययोजना तैयार की गई है। धामी मंत्रिमंडल की बैठक में पर्यटन विभाग की ओर से जादूंग में पर्यटन विकास के लिए होम स्टे कलस्टर के रूप में विकसित करने की योजना का प्रस्ताव रखा गया।

मंत्रिमंडल ने विमर्श के बाद इस योजना के संचालन की अनुमति दे दी। इसके साथ ही मंत्रिमंडल ने जादूंग में होम स्टे को बढ़ावा देने के लिए इसके तय मानकों को शिथिल करने को हरी झंडी दी है। इसके तहत वहां होम स्टे बनाने पर शत-प्रतिशत फंडिंग की जाएगी। सरकार के इस निर्णय से आने वाले दिनों में जादूंग में पर्यटकों के लिए रहने की दिक्कत नहीं होगी। होम स्टे में उनके ठहरने से स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।



# क्या आप जानते है पानी पीने का सही तरीका

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जनवरी : ये बात तो सब जानते हैं कि पानी पीना शरीर के लिए कितना जरूरी होता है। ये शरीर को सिर्फ हाइड्रेट ही नहीं रखता, बल्कि इसके हमारी फिजिकल हेल्थ पर भी काफी अच्छा असर होता है। लेकिन पानी पीने के भी कुछ नियम हैं, जो सभी को जरूर जानने चाहिए। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट की मानें, तो हर इंसान को पानी बैठकर ही पीना चाहिए। एक्सपर्ट डॉक्टर ने सोशल मीडिया के जरिये लोगों को बताया कि क्यों सभी लोगों को बैठकर ही पानी पीना चाहिए।



उन्होंने लिखा- आयुर्वेदा के अनुसार, सही तरीके से पानी पीना बेहद जरूरी है। अगर इसके फायदे उठाने हैं तो पानी पीने का तरीका जरूर मालूम होना चाहिए। हर किसी को पानी सिर्फ बैठकर ही पीना चाहिए। इसके बाद डॉक्टर ने खड़े होकर पानी ना पीने के कारण भी स्पष्ट किए। खड़े होकर क्यों न पिएं पानी ?

उन्होंने कहा कि अगर आप खडे होकर पानी पीते हैं तो इसका फोर्स और स्पीड सीधे फूड कनाल से होकर गुजरता है, जो काफी तेज होता है। ये नुकसानदायक होता है क्योंकि सीधे पेट में गिरता है। परिणामस्वरूप शरीर सारे टॉक्सिन्स को सही तरीके से बाहर नहीं निकाल पाता और खाना पचाने की प्रक्रिया पर इसका सीधा असर देखने को मिलता है।

जान लीजिये ये जरूरी बातें इसके बाद डॉक्टर ने खड़े होकर पानी पीने के और भी नुकसान गिनाए। उन्होंने कहा कि खड़े होकर पानी पीने से फेफड़ों को भी नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही किडनी से संबंधित समस्याएं भी जन्म ले सकती हैं। इसलिए हर किसी को पानी पीते समय बैठना चाहिए। इसके साथ ही एक ही बारी में पूरी बोतल पानी भी खत्म नहीं करनी चाहिए। सही तरीके से पानी पीना है जरूरी बताते चलें कि पानी पीने के फायदों के साथ इसे सही तरीके से पीना आना भी चाहिए। पानी को गलत तरीके से पीने पर इसके बुरे परिणाम भी हो सकते हैं। कई लोग पानी तो एकदम सही मात्रा में पीते हैं लेकिन सही तरीका ना मालूम हो पाने की वजह से ये शरीर में अन्य दिक्कतें भी पैदा कर सकता है। इसलिए हमेशा किसी भी तरह की परेशानी होने पर अपने डॉक्टर से जरूर संपर्क करें।

# किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं : सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में हरिद्वार के किसानों के प्रतिनिधिमण्डलों ने भेंट की। उन्होंने वर्ष 2023-24 के लिए राज्य में गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने किसानों के हित में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर लिये गये निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कृषि, बागवानी के क्षेत्र में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 2023-24 के लिए गन्ने की अगेती प्रजाति का मूल्य 375 रुपये प्रति क्विंटल और सामान्य प्रजाति का मूल्य 365 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का लाभ दिया गया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी तेजी से कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाएं लोगों के लिए वरदान साबित हुई हैं। राज्य में भी हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरन चौधरी, भाजपा के हरिद्वार जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, रूडक़ी जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेन्द्र पुण्डीर, गन्ना विकास सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष श्यामवीर सैनी एवं किसानों के प्रतिनिधिमण्डल उपस्थित थे।

# टॉयलेट रोका तो गंभीर होगा नतीजा महिलाओं को रहना चाहिए सावधान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जनवरी : यूँ तो कहने को ये छोटी सी बात मान सकते हैं क्योंकि ये काम हम और आप कभी न कभी हालात से मज़बूरन कर ही देते हैं। लेकिन यही मामूली सी लापरवाही हमको बड़े संकट में भी डाल सकती है। हम बात कर रहे हैं टॉयलेट की जो कभी कभी सही जगह न मिलने की वजह से हम नज़रअंदाज़ कर देते हैं और असहनीय न हो जाए तब तक टॉयलेट रोक कर रखते हैं। यही नहीं आजकल देर रात या ठंड और आलस या कई बार शर्म की वजह से भी लोग ऐसा करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी ये गलत आदत काफी खतरनाक हो सकती है। यही नहीं आपकी ये आदत कई बीमारियों को जन्म भी दे सकती है।

ज्यादातर लोगों को किसी न किसी चीज से डर लगता है, जिसे फोबिया भी कहते हैं। किसी को ऊंचाई से, तो किसी को पानी में जाने से, या फिर किसी को सांप से डर लगता है। इन सब से अलग कुछ लोगों को टॉयलेट जाने से भी डर लगता है। इसे शाय ब्लैडर सिंड्रोम कहा जाता है। इन लोगों को अपने घर के अलावा किसी और जगह पर टॉयलेट यूज करने में हिचक महसूस होती है।

महिलाओं में ज्यादा देखी जाती है ये समस्या - इस सिंड्रोम से पीड़ित लोगों को पब्लिक टॉयलेट का इस्तेमाल करने से डर लगता है, खासकर तब जब दूसरे लोग इनके आस-पास होते हैं। शाय ब्लैडर सिंड्रोम वैसे तो महिलाओं में आम है, क्योंकि अधिकतर समय महिलाएं शर्म या गंदे टॉयलेट की वजह से बाथरूम जाने से बचती हैं, लेकिन ये परेशानी पुरुषों और बच्चों में भी देखी जाती है। इंटरनेशनल पैरुरिसिस एसोसिएशन की एक रिपोर्ट अनुसार दुनिया में करीब 2 करोड़ लोग शाय ब्लैडर सिंड्रोम से जूझ रहे हैं। ये लोग आउटडोर पब्लिक गैदरिंग, ट्रैवलिंग या बाजार तक आने-जाने से भी कतराते हैं। सर्दियों में ये समस्या और भी बढ़ जाती है। ठंड के चलते भी कुछ लोग बहुत देर तक टॉयलेट जाने से बचते हैं। सुनने में भले ही ये छोटी सी बात लगती हो, लेकिन ये समस्या कई और गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। तो आप भी अगर ऐसी लापरवाही करते हैं तो अब ज़रा सम्हल जाएँ और अपनी सेहत से अनजाने में कोई खिलवाड़ न करें।



# डीएम खुराना की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के टीबी फोरम की बैठक संपन्न

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को टीबी फोरम की बैठक संपन्न हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग को सम्पूर्ण जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद चमोली के सभी 610 ग्राम पंचायतों में क्षय रोग की जांच कराने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर सर्वे और कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के साथ सभी टीबी मरीजों को चिन्हित किया जाए। चिन्हित टीबी मरीजों का उपचार के साथ ही को निक्षय पोषण एवं निक्षय मित्र योजना से लाभान्वित किया जाए और पूरे जनपद को टीबी रोग से मुक्त बनाया जाए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमा रावत ने अवगत कराया कि जनपद चमोली में 115 ग्राम पंचायतों को क्षय रोग मुक्त किया गया है। वर्तमान में जनपद चमोली में 301 टीबी




मरीज चिन्हित है, जिनका उपचार किया जा रहा है। इस बीमारी को रोकने के लिए सरकार ने निक्षय पोषण योजना शुरू की है। जिसमें मरीजों को इलाज के दौरान प्रतिमाह 500 रुपये की मदद दी जाती है। वही निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत जनपद में अभी तक 967 मरीजों को किट वितरित की गई है। बैठक में एसीएमओ डॉ उमा रावत, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ एसके रतूडी, डीपीओ संदीप कुमार एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अल्मोड़ा में धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। भारत का 75 वां गणतंत्र दिवस जनपद भर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः प्रभात फेरी का आयोजन नंदादेवी के प्रांगण से मुख्य बाजार होते हुए चौघानपाटा तक किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने झंडा फहराया।

इस दौरान सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया तथा जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के समस्त स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि आज ही के दिन हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा तैयार किया गया हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि हम सभी को संविधान का पालन करते हुए उसके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना है तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए अपने कर्तव्यों का भी पालन करना है। यहां पर आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा ने भी सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश के सभी नागरिकों को संविधान से समान अधिकारी एवं अवसर मिले हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमे अपने व्यक्तिगत हितों के साथ साथ देश हित में भी कार्य करने होंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए। यहां अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, वरिष्ठ अधिवक्ता केवल सती समेत अन्य उपस्थित रहे।

इस शुभ अवसर पर पुलिस लाइन अल्मोड़ा में आयोजित कार्यक्रम में सांसद अजय टम्टा ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर झंडा फहराया तथा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों तथा कर्मचारियों समेत स्थानीय लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई साथ ही सामूहिक रूप से राष्ट्रगान को गाया गया। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा ने सभी देश एवं प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निर्माताओं ने जो सपना देखा था आज हम उसे पूरा करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत लोकतंत्र के साथ साथ देश अनेक उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व में हमारी एक अलग पहचान हो गई है। भरता जल, थल एवं नभ में नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के निर्देशन में आयोजित पुलिस परेड तथा मार्च पास का अवलोकन अतिथियों एवं नागरिकों ने किया एवं जांबाज महिला एवं पुरुष सिपाहियों के हौसले की सराहना की। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित झांकियां भी प्रस्तुत की गई। इस दौरान मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलाकारों ने मतदान का महत्व बताया। इस दौरान सांसद अजय टम्टा ने पुलिस लाइन में वृक्षारोपण भी किया।

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूडक़ी ने गणतंत्र दिवस को भव्य समारोह के साथ मनाया एवं उत्कृष्ट योगदान का सम्मान किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूडक़ी। एक जीवंत गणतंत्र दिवस समारोह के बाद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूडक़ी एक यादगार कार्यक्रम की ओर देखता है जिसने संस्थान के भीतर एकताए सांस्कृतिक विविधता एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए गहन सराहना प्रदर्शित की। दिन का आरंभ छात्रों ,संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों की एक सभा के साथ हुआ। जिसने एक भव्य उत्सव के लिए मंच तैयार किया। गूंजते कुलगीत के साथ निदेशक के आगमन ने कार्यवाही आरंभ कीए जिससे सौहार्द और देशभक्ति की भावना उत्पन्न हुई। इस अवसर की गंभीरता तब और बढ़ गई जब निदेशक ने गार्ड ऑफ ऑनर;सैनिक सलामीद्ध का निरीक्षण किया। जो हमारी संस्था के रक्षकों के समर्पण और अनुशासन को स्वीकार करने वाला एक प्रतीकात्मक संकेत था। इसके बादए निदेशक ने अटूट गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहरायाए यह एक महत्वपूर्ण कार्य था जो हमारे देश की संप्रभुता के प्रति एकता और श्रद्धा की भावना को दर्शाता था। यह झंडा फहराने का समारोह उन आदर्शों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता की मार्मिक याद दिलाता है जिनका प्रतिनिधित्व हमारा तिरंगा करता है। निदेशक द्वारा गर्व से राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ-साथ राष्ट्रगान का सामूहिक गायन भी किया गयाए जो भारत के प्रति हमारे साझा प्रेम का प्रतीक है। जय हिंद जय हिंद जय हिंद के उद्घोष ने सभा को और एकजुट किया, जो देश की प्रगति में योगदान देने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह गणतंत्र दिवस समारोह एक मार्मिक और प्रेरणादायक अवसर थाए जो हमारे प्रतिष्ठित संस्थान में देशभक्ति और एकता की भावना को उजागर करता है।

एबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूडक़ी की सांस्कृतिक सोसायटी के छात्रों के सांस्कृतिक प्रदर्शन ने संस्थान के भीतर प्रतिभाओं की समृद्ध प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में जीवंतता जोड़ दी।

एक महत्वपूर्ण आकर्षण 2023 के दौरान अधिकारियोंए कर्मचारियों और खेल टीमों द्वारा अनुकरणीय योगदान की मान्यता थी। योग्य व्यक्तियों और टीमों को उनके असाधारण कार्य को स्वीकार करते हुए पुरस्कार और प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उल्लेखनीय उद्धरणों में 28वें इंटर आईआईटी स्टाफ स्पोर्ट्स मीट-2023 के विजेता व सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ भवन तथा सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ मेस के लिए प्रशंसा शामिल हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूडक़ी के निदेशक प्रोफेसर केके पंत ने सभी को इस ऐतिहासिक दिन की बधाई दी और सभा को संबोधित किया। उन्होने कहा, गणतंत्र दिवस भारत की स्थायी भावनाए एकता और प्रगति का एक मार्मिक अनुस्मारक है। जैसा कि हम इस ऐतिहासिक दिन का उत्सव मनाते हैं। आइए हम उन मूल्यों पर विचार करें जो हमें एक साथ बांधते हैं, यानि- लोकतंत्र विविधता और उज्जवल भविष्य के लिए साझा दृष्टिकोण। आईआईटी रूडक़ी में हम उन प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो देश के विकास नवाचार और वैश्विक प्रतिष्ठा में योगदान देंगी। संस्थान की ओर से मैं प्रत्येक भारतीय को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और हमसे समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भारत की दिशा में सहयोगात्मक रूप से कार्य करना जारी रखने का आग्रह करता हूँ।

कार्यक्रम के बाद के समारोह में संविधान दिवस पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गयाए जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता और जांच की भावना को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी रूडक़ी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

आधिकारिक आईआईटी रूडक़ी यूट्यूब चैनल पर लाइव वेबकास्ट किए गए उत्सव ने व्यापक दर्शकों को परंपराए उत्कृष्टता और प्रगति के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को देखने का अवसर दिया।

1847 के अपने समृद्ध इतिहास को दर्शाते हुएए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूडक़ी शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार का प्रतीक बना हुआ है। इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में 175 से अधिक वर्षों के योगदान के साथ संस्थान पीढियों को प्रेरित करता है और भविष्य को आकार देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सडक़ से गिरने से घायल को भाजपा नगर अध्यक्ष ने पहुँचाया अस्पताल

अल्मोड़ा। यहां भाजपा के नगर अध्यक्ष अमित साह ने पांव फिसलने से सडक़ से लगभग 40 फीट नीचे गिरे एक व्यक्ति की उन्होंने समय से मदद की। भाजपा नगर बात यह है कि उन्होंने एंबुलेंस का इंतजार करने की बजाए स्वयं घायल को तत्काल अपने निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर सायं लक्ष्मेश्वर बाईपास के पास एक व्यक्ति घनश्याम बिष्ट पांव फिसलने से धार की तूणी मोटर मार्ग से नीचे रानीखेत मार्ग में गिर गए। जिससे उन्हें काफी चोट आई। तत्काल सूचना पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष एवं निवर्तमान सभासद अमित साह मोनू मौके पर पहुंचे। 108 के समय से ना पहुंचने पर अमित साह के द्वारा घायल व्यक्ति को तत्काल अपने निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने तत्काल उनका उपचार शुरु कर दिया। इधर प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि 51 वर्षीय घनश्याम बिष्ट यहां लक्ष्मेश्वर बाइपास के पास किराये के आवास पर रहते हैं। बीती शाम वह लगभग 40 फीट की ऊंचाई से निचली सडक़ पर पांव फिसलने के बाद जा गिरे। वह लहूलुहान हालत में थे। भाजपा नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू की सूझबूझ से तत्काल घायल को उपचार मिल गया।

### पूर्व दर्जामंत्री कर्नाटक ने किया माघी खिचड़ी का आयोजन

अल्मोड़ा। पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने अपने कार्यालय में माघी खिचड़ी का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंच कर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। कर्नाटक ने कहा कि आज बेहद आवश्यकता है कि अपनी संस्कृति को सहेजकर हम अपने परम्परागत त्यौहारों को उत्साह के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि माघ के पवित्र महीने को त्यौहार के रूप में भारत के सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों में मनाया जाता है। धार्मिक दृष्टिकोण से माघ मास का बहुत अधिक महत्व है। यही वजह है कि प्राचीन पुराणों में भगवान नारायण को पाने का सुगम मार्ग माघ मास के पुण्य स्नान को बताया गया है। माघ मास में खिचड़ी, घृत, नमक, हल्दी, गुड़, तिल आदि का दान करने से महाफल प्राप्त होता है। माघ माह में प्रसाद के रूप में उरद, चावल आदि की खिचड़ी का प्रसाद उत्तम माना जाता है और भगवान को भी यही खिचड़ी का भोग लगता है। यहाँ कार्यक्रम में रमेश चंद्र जोशी, देवेन्द्र कर्नाटक, हेम जोशी, दिनेश चंद्र जोशी, अमर बोरा, सन्तोष जोशी, हंसा दत्त कर्नाटक, प्रदीप जोशी, रश्मि काण्डपाल, आशा मेहता, सीमा कर्नाटक, खष्टी गोस्वामी, गीतांजलि पाण्डे, सीमा रौतेला सहित सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### जल निगम-जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन

अल्मोड़ा। शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित यूयूएसडीए के द्वारा मूल अभियांत्रिकी विभागों के कार्यक्षेत्र में अतिक्रमण किए जाने के सम्बन्ध में जल निगम-जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर धरना-प्रदर्शन हुआ। शनिवार को जल संस्थान अल्मोड़ा के अधिशासी अभियन्ता कार्यालय जीवनधाम अल्मोड़ा में जनपद अल्मोड़ा के जल निगम एवं जल संस्थान के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों, पैशनरों द्वारा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन में इं अरूण कुमार, नरेन्द्र बिष्ट, राहुल बिष्ट, जया जोशी, इं दीपक जोशी, इं अरूण कठैत, इं लता दुर्गापाल, दीपक तिवारी, कुन्दन अधिकारी, राजेन्द्र बिष्ट, रणजीत बिष्ट, संगीता आर्य, राजू बिष्ट, दिनेश तिवारी, साहिल, मनौता देवी, गंगा देवी, दीपा जोशी, दिनेश भट्ट, पंकज आर्य, इं पंकज जीना, इं सहिल पन्त, इं दीपक टम्टा, गोर्वधन काण्डपाल, हरीश सिंह, मोहन चन्द्र सनवाल, जानकी देवी, चन्द्र शेखर तिवारी, नरेश पाण्डेय, सरस्वती बोरा,हीरा सिंह बिष्ट, दयाकृष्ण जोशी आदि उपस्थित रहे।

### त्रिलोचन बने देवभूमि उद्योग नगर व्यापार मंडल अल्मोड़ा के मुख्य चुनाव अधिकारी

अल्मोड़ा। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा के आगामी नगर इकाई के चुनाव हेतु वरिष्ठ व्यापारी त्रिलोचन जोशी को मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने आशा व्यक्त की है की मुख्य चुनाव अधिकारी त्रिलोचन जोशी जल्द ही चुनाव समिति गठित कर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा की नगर इकाई की चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेंगे।

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग को धरना-प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर बैठक

अल्मोड़ा। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की जिला कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 11 फरवरी को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में विधिवत एनएमओपीएस की महिला विंग और आईटी सैल का गठन किया जाएगा। जिससे आन्दोलन को गति प्रदान की जा सके। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी ने तथा संचालन राजू महरा ने किया। बैठक में जिला मंत्री भूपाल चिलवाल, डॉ मनोज जोशी, धीरेन्द्र पाठक, मीनाक्षी जोशी, संजय जोशी, नितेश काण्डपाल, डॉ गिरिजा भूषण जोशी, हरिवंश बिष्ट, मदनमोहन शर्मा, कैलाश जोशी, तारा बिष्ट, जीवन तिवारी, संजय बिष्ट, नन्दाबल्लभ मैनाली, गोपाल रावत, मोहन जोशी, मदन ध्यानी, दीपक बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

### हैड कांस्टेबल का इलाज के दौरान देहावसान

अल्मोड़ा। पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल संजय कुमार का आकस्मिक निधन हो गया है। वह बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में उन्हें भर्ती कराया गया था। गत रात्रि उनका निधन हो गया। पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कुमार का स्वास्थ्य खराब चल रहा था। उनका सुशीला तिवारी हॉस्पिटल हल्द्वानी में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान गत रात्रि में उनका असामयिक निधन हो गया। अल्मोड़ा पुलिस ने शोक जताते हुए कहा कि हेड कांस्टेबल संजय कुमार वर्ष 2001 में पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे। उनके द्वारा सदैव विभाग के लिए मेहनत, लगन व कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश निर्देशों का पालन किया गया। पुलिस विभाग में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनका इस तरह अचानक चला जाना पुलिस परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। जिससे पूरे पुलिस परिवार में शोक व्याप्त है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चरणों में स्थान दे तथा उनके पारिवारिक सदस्यों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

# मितव्यता हेतु नवाचार पहल, जिलाधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी बस द्वारा पहुंचे बीडीसी बैठक भिलंगना





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

टिहरी,27 जनवरी । ब्लॉक प्रमुख भिलंगना वासुमति घणाता की अध्यक्षता में संपन्न हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक। सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं/सुझाव सदन में रखे गए। इस मौके पर विधायक घनसाली शक्तिलाल शाह भी मौजूद रहे।शनिवार को भिलंगना में आयोजित बीडीसी बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सहित जिलास्तरीय अधिकारी बस द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर नई टिहरी से ब्लाक सभागार भिलंगना पहुंचे।

प्रेस से मुखातिव होते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्र में एक वाहन से सफर करने पर सभी अधिकारी एक साथ समय पर बैठक में पहुंचेंगे। इससे सरकारी धन की बचत होगी तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी भागीदारी सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही अधिकारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं की चर्चा करने के कारण अन्य विभागों विभागों की योजनाओं के बारे में भी पता चलेगा और समस्याओं का समाधान आसानी से होगा। बीडीसी बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, विद्युत, ग्रामीण निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, लोनिवि, सिंचाई, कृषि, बाल विकास, पुलिस आदि अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर दिया गया तथा सुझाव प्राप्त किए गए।

इस मौके पर सदस्यों द्वारा नवनिर्मित भट्टगांव-गोनगढ़ मोटर मार्ग पर रास्ते व नहरे न बनाए जाने तथा मुआवजा न दिए जाने की शिकायत की, जिस पर पीएमजीएसवाई के अधिकारी को तत्काल नियमानुसार मुआवजा देने तथा अन्य आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मेन्दु सिंधुवाल गांव से कैलबागी मोटर मार्ग से मलबा हटाने की मांग पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से अवगत कराने को कहा गया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान ग्राम पंगरियाणा, ग्राम पुर्वाल गांव तथा जखन्याली सरोली तोक में झूलती तारो की शिकायत तथा विद्युत पोलो को बदलने की मांग की गई, इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को न्याय पंचायत वार सर्वे कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही सदस्यों द्वारा पीएचसी चांजी में स्वास्थ्य कार्मिकों की तैनाती करने, ग्राम पंगरियाणा के हाई स्कूल का उच्चीकरण करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलेश्वर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करने, दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन लगाने, ग्राम हडियाणा तल्ला मल्ला में सिंचाई नहर की प्रगति, हडियाणा मोटर मार्ग तथा कोट से भट्टगांव मोटर मार्ग सुधारीकरण आदि अन्य मांगे/शिकायतें की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री शाह ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि किसी भी शिकायत में पुनरावृति न हो। उन्होंने जिलाधिकारी के बस के माध्यम से टीम सहित बीडीसी में आने पर तारिफ करते हुए कहा कि यह समाज और क्षेत्र के लिये कई मायने मे महत्वपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने सदस्यों को आश्वास्त किया कि सदन में उठाई गई समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को



निर्देश दिए गए कि सदन में सदस्यों द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय अंतर्गत उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बीडीसी बैठक भिलंगना हेतु बस सफर के दौरान जिलाधिकारी ने पीपलडाली में एक निजी होटल सेल्फी पॉइंट का भी निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित होटल की पंजिका पर हस्ताक्षर किए ।

बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख राजेंद्र गुसाईं, कनिष्ठ प्रमुख चंद्र मोहन नोटियाल, डीडीओ सुनील कुमार, प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल, एसीएमओ एल.डी.सेमवाल, सीएओ अभिलाषा भट्ट, डीपीओ शोहेब हुसैन, डीपीआरओ एम.एम. खान, आबकारी अधिकारी कैलाश बेन्जोला, मत्स्य अधिकारी गरीमा मिश्रा, एआरटीओ सतेन्द्र राज, डीएचओ आर.एस. वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी के.एस चौहान, उरेड़ा अधिकारी एम.एम. डिमरी, डेयरी विकास प्रेमलाल, अधिशासी अभियन्ता पुनर्वास धीरेन्द्र सिंह सहित अधिशासी अभियन्ता लोनिवि, पीएमजीएसवाई, सिंचाई एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सहारनपुर 27 जनवरी : उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर स्कूल में 75 वें गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ ही विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार के अध्यापक, अध्यापिकाओं द्वारा भारत की महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। और सब ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

बता दें कि गणतंत्र दिवस को लेकर विद्यालय में समारोह में बच्चों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये, जिसमें देश प्रेम की गूंज चारों ओर सुनाई दी। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपने देश की बहुमूल्य संस्कृति की अनूठी छवि प्रस्तुत कर सभी को देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया। विद्यालय के छात्रों द्वारा मेरा देश रंगीला और मेरा देश मेरा मुल्क आदि देश भक्ति गानों पर संगीत एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुति भी पेश की गई।

जिसने विद्यालय में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी देश के प्रति अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य दीपक कुमार ने विद्यालय के बच्चों को अपने अधिकार एवं कर्तव्यों का पाठ पढाते हुए कहा कि हमें राष्ट्र की संपत्ति को स्वयं का समझकर उसकी सुरक्षा करनी चाहिए। साथ ही आपसी भेदभाव को मिटाकर राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक कार्य में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर गांव के प्रधान शोएब अली , राजकुमार पूर्व प्रधान, इन्दर कुमार पूर्व प्रधान , जसबीर राणा , सुबोध राणा ,जॉनी राणा, राशिद मलिक , फरमान मलिक BDC , दीपक सैनी BDC , असलम , सुबोध कुमार , ताहिर , सोनू मलिक , कलीम मलिक , आदि मौजूद रहे।



# चमोली : आसान होगी हेमकुंड साहिब यात्रा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



चमोली 27 जनवरी : प्रसिद्ध तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब की यात्रा को आसान बनाने के लिए यात्रा मार्ग पर पुलना से भ्यूंडार गांव तक सड़क बनाई जाएगी। सड़क निर्माण के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। सड़क निर्माण होने के बाद यात्रियों को सिर्फ आठ किमी पैदल चलना पड़ेगा और वह एक दिन में हेमकुंड साहिब के दर्शन कर लौट सकेंगे। इस तरह आने वाले वक्त में तीर्थयात्रा की पैदल दूरी जल्द सात किलोमीटर और कम हो जाएगी।

इतना ही नहीं भ्यूंडार तक सड़क निर्माण होने से फूलों की घाटी का पैदल रास्ता भी मात्र पांच किमी रह जाएगा, जबकि अभी तक घाटी तक पहुंचने को पर्यटकों को 12 किमी की पैदल दूरी नापनी पड़ती थी। बदरीनाथ हाईवे पर स्थित गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब की दूरी 20 किमी है। तीर्थयात्री शुरुआत के पांच किमी स्थित पुलना गांव तक वाहन से पहुंचते हैं, जबकि हेमकुंड तक पहुंचने के लिए 15 किमी पैदल चलना पड़ता है। पुलना से घांघरिया तक 9 किमी और घांघरिया से हेमकुंड तक 6 किमी का विकट रास्ता है। इस आस्था पथ पर अधिकांश तीर्थयात्री घोड़े से आवाजाही करते हैं।

ऐसे में तीर्थयात्रियों को घांघरिया पड़ाव आने पर गुरुद्वारे में रात्रि विश्राम करना पड़ता है। इसके बाद अगले दिन वो हेमकुंड साहिब पहुंचते हैं।

अब पुलना से भ्यूंडार गांव तक सात किमी सड़क की मंजूरी मिल गई है, जिससे तीर्थयात्रियों की पैदल दूरी कम हो जाएगी और वह एक ही दिन में हेमकुंड के दर्शन कर सकेंगे। जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने कहा कि भ्यूंडार गांव तक सड़क निर्माण के लिए केंद्र सरकार की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। सड़क निर्माण कार्य इसी वर्ष शुरू हो जाएगा। सड़क निर्माण से भ्यूंडार गांव के ग्रामीणों की आवाजाही भी सुगम होगी। अभी ग्रामीणों को पुलना तक सड़क तक पहुंचने के लिए सात किमी दूरी तय करनी पड़ती थी। यहां तारकोल की पक्की सड़क बनेगी।

# दिमाग को शांत करने के लिए बेहद कमाल हैं ये योग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 27 जनवरी : यह एक विशेष प्राणायाम है, जो आपकी श्वास को नियंत्रित करती है. इसमें सांस लेते समय एक नथुने को बंद रखना और फिर सांस छोड़ते समय दूसरे नथुने को बंद रखना होता है. इसके बाद दूसरे नथुने के साथ ये प्रक्रिया दोहराई जाती है. ऐसा करने से आपके नर्वस सिस्टम संतुलित होती है और समय के साथ यह आपके तनाव को कम करती है , इस हठ योग में आपको पीछे की ओर झुकना होता है।

भुजंगासन करने के लिए आपको पेट के बल सीधे लेटना होता है और अपने ऊपरी शरीर को ऊपर उठाना होता है. भुजंगासन से तनाव दूर करने में काफी मदद मिलती है. इसके साथ ही यह आपकी बाहों, कंधों और ऊपरी पीठ को मजबूत करता है. स्ट्रेस और चिंता को दूर करने के लिए बालासन को बहुत ही उत्तम आसन माना जाता है. इस मुद्रा में आपको घुटनों को आपके नीचे और आपकी छाती को चटाई के पास टक करके रखना होता है. कम से कम 10 मिनट तक इस स्थिति में रहना होता है।

अपने एक पैर को लें और इसे अपने दूसरी पैर के ऊपर जांघ पर रखें. वृक्षासन एक एडवांस माउंटेन मुद्रा है, जिसका उद्देश्य आपके संतुलन और एकाग्रता में सुधार करना है. यह हमारे पैरों की बैलेंसिंग मसल्स को मजबूत करने में भी मदद करता है. अगर आप ऊपर दी गई किसी भी मुद्रा को ट्राई नहीं करना चाहते हैं, तो आप शवासन तो कर ही सकते हैं. इसमें आपको केवल चटाई पर आंखें बंद करके लेटना होता है. लेकिन इस छोटे से आसन से आपका तनाव काफी हद तक कम हो जाता है।

## दुष्यंत गौतम उत्तराखंड के चुनाव प्रभारी बनाए गए

देहरादून। भाजपा हाईकमान ने उत्तराखंड के प्रभारी दुष्यंत गौतम को एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गौतम को उत्तराखंड का चुनाव प्रभारी भी बनाया गया है। भाजपा अब पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है। राज्य के पांचों लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक नामित करने के बाद अब उत्तराखंड का प्रभारी भी नामित कर दिया है। इस बार भाजपा ने 75 फीसदी मत प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य रखा। इसे देखते हुए पहली बार गढ़वाल और कुमाऊं मंडल की सीटों की मानिटरिंग और समन्वय बनाने के लिए दो कलस्टर भी बनाए हैं। कैबिनेट मंत्रियों धन सिंह रावत और सौरभ बहुगुणा को यह जिम्मेदारी दी है।

## कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए यूथ कांग्रेस ने झोंकी ताकत

देहरादून। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए यूथ कांग्रेस ने भी ताकत झोंकी दी है। यूथ कांग्रेस के मीडिया प्रभारी शिवा वर्मा ने बताया कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका के पहले उत्तराखंड दौरे को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन को सफल बनाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत प्रसाद भट्ट ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। तैयारी के लिए कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में रितेश छेत्री, रोबिन त्यागी, विनीत प्रसाद भट्ट, मोहन भंडारी, नवीन रमोला, ऋषभ जैन, मोहित मेहता, सिद्धार्थ वर्मा, शुभम चौहान आदि मौजूद थे ।

## लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर। गणतंत्र दिवस पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने तहसील मुख्यालय पर ध्वजारोहण करने के साथ ही लोकतंत्र सेनानी हरीश चंद पंत व कृष्ण लाल नारंग का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस दौरान तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश शर्मा ने सीओ कार्यालय और कोतवाल सुंदरम शर्मा ने कोतवाली परिसर में ध्वजारोहण किया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में ईओ गुरमीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। विधायक कार्यालय पर गुरुद्वारा आवास विकास के प्रधान अवतार सिंह ने तिरंगा फहराया। यहां कांग्रेसियों ने मिठाई बांटी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा अधीक्षक एचसी त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। जीजीआईसी में प्रधानाचार्य सुनीता यादव और एसकेएमए इंटर कालेज में प्रबंध समिति के हनुमान प्रसाद ने ध्वजारोहण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### भूमि बचाओ मुहिम के किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली

काशीपुर। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाकियू एवं भूमि बचाओ मुहिम के कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर मार्चा निकाला। इस दौरान किसानों ने केंद्र सरकार से अपने वादे के अनुसार एमएसपी गारंटी कानून, किसानों की ऋण माफी, बिजली (संशोधन) विधेयक-2022 को वापस लेने तथा लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) की घटना के पीड़ितों को न्याय देने की मांग दोहराई। ये रैली रोडवेज बस स्टेशन से शुरू हुई। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा तथा कुमायूं अध्यक्ष विक्की रंधावा ने रैली को हरी झंडी दिखाई। वहीं इसके बाद ये रैली नैनीताल मार्ग, लेवड़ा पुल, हल्द्वानी बस अड्डा, बेरिया तिराहा, भगत सिंह चौक, मुख्य बाजार से गुरुद्वारा सिंह सभा में इसका समापन हुआ। वहीं कुमायूं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा ने कहा कि गाजीपुर आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार ने किसानों से बड़े बड़े वादे किए थे और उपरोक्त तीनों काले कानूनों को हटाने की बात कही थी, लेकिन सरकार अपने वादे पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने कहा कि आज संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कॉल पर ये कार्यक्रम किया गया है। अगर सरकार अभी भी नहीं चेती तो आगे और कार्यक्रम होंगे। रैली में जगतार सिंह बाजवा, रजनीत सिंह सोनू, बिजेंद्र डोगरा, हरप्रीत निज्जर, गगन सरना, हरप्रीत सिंह, हरभजन सिंह, सुखजीत सिंह, गुरविंदर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### बाजपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

काशीपुर। 75वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र में जगह-जगह सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हुआ। साथ ही स्कूलों में भी ध्वजारोहण के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। गुरुवार को 75वें गणतंत्र दिवस पर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम राकेश तिवारी ने तहसील परिसर में तहसीलदार अक्षय भट्ट, कोतवाली में कोतवाल नरेश चौहान, नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, दोराहे पर किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लन लाडी ने, ब्लॉक प्रमुख सरिता देवी, सपा कार्यालय में सपा नेता अरविंद यादव, इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य एसपी सिंह ने, मदर इंडिया स्कूल में अजय कुमार विज ने, आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में डॉ. नरेंद्र खत्री ने, रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल में हरमंदर सिंह बरार ने, श्री दसमेश स्कूल में प्रधानाचार्य संदीप सलारिया ने ध्वजारोहण किया। वहीं स्कूलों में सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। ब्लॉक कार्यालय में प्रमुख सरिता देवी ने डस्टबिन भी वितरित किए।

### पंखे से लटका मिला युवक का शव

काशीपुर। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक अपने कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवक को बाहर निकाला और आनन-फानन में उसको अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को मोहल्ला मझराप्रभु वार्ड नंबर 1 निवासी संजीव (25) पुत्र चंद्रपाल अपने कमरे में बंद हो गया। कुछ देर बाद परिजनों को शक हुआ तो उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो युवक पंखे से फंदे लगाकर लटका हुआ था। परिजनों ने शोर मचाकर वार्ड मेंबर और पड़ोसियों को बुलाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर आनन-फानन में संजीव को गंभीर अवस्था में सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने संजीव को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले संजीव की पत्नी का देहांत हो गया था, जिसके बाद वह अधिकांश नशे की हालत में रहता था। आज भी उसने अत्यधिक नशा किया हुआ था।

### गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण में हर्ष फायरिंग, अधिशासी निदेशक के पेट में लगी गोली

ऋषिकेश। गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहण से पूर्व डोईवाला शुगर मिल के सुरक्षाकर्मी से गोली चल गई, जिससे शुगर मिल के अधिशासी निदेशक वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह घायल हो गए। वहीं घटना के बाद शुगर मिल के सुरक्षाकर्मी को निलंबित करते हुए जांच कमेटी गठित कर दी गई है। घायल शुगर मिल के अधिशासी निदेशक का उपचार सिनर्जी हॉस्पिटल देहरादून में किया गया। जिसके बाद उन्होंने शाम तक अपने रुटीन के कार्यों को भी किया। बताया जा रहा है कि शुगर मिल में ध्वजारोहण के बाद हर्ष फायरिंग की परंपरा है। इसी दौरान सुरक्षाकर्मी से ध्वजारोहण से पूर्व ही गोली चल गई। जिसके 312 बोर के छर्रे निकलकर अधिशासी निदेशक के पेट में लगे परंतु घटना होने के बावजूद भी उन्होंने ध्वजारोहण किया। साथ ही राष्ट्रगान के पश्चात संविधान की शपथ भी दिलाई। इसके बाद अधिक खून बहने व दर्द बढ़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। जहां डॉक्टर ने उनका उपचार किया है। अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में जांच बैठा दी गई है। साथ ही घटना की कुछ वीडियो भी सामने आई है। जिनके संबंध में जांच की जा रही है। लापरवाही बरतने पर फिलहाल सुरक्षाकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं देर रात एसएसपी ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### काडर के पद डेपुटेशन से भरे जाने का किया विरोध

देहरादून। उत्तराखंड सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के अधिवेशन में अफसरों ने काडर के पद डेपुटेशन से भरे जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जिन-जिन विभागों में आईएएस के पद हैं, वहां पीसीएस के पद भी सृजित किए जाएं। सुभाष रोड स्थित एक होटल में संघ के कार्यकारी अध्यक्ष गिरधारी सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित अधिवेशन में पीसीएस अफसरों ने अपनी बातें खुलकर रखीं। उन्होंने 16 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को भी सौंपा। अफसरों ने कहा कि विभिन्न विभागों में विभागाध्यक्ष के पदों पर विभागीय अधिकारियों या डेपुटेशन के जरिए केंद्रीय सेवा के अफसरों से भरा जा रहा है, जो कि उचित नहीं है और तत्काल इसे बंद किया जाना चाहिए। कहा कि जिन विभागों में नए पद सृजित किए जाते हैं वहां अनिवार्य रूप से पीसीएस संवर्ग को भी प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। संघ के सदस्यों ने यह भी कहा कि आईएएस में पदोन्नति कोटे के पद रिक्त चल रहे हैं। वर्ष 2022 के दो पद रिक्त हैं, जबकि वर्ष 2023 में होने वाली रिक्तियों का निर्धारण किया जाना है। उन्होंने इस प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा, ताकि पीसीएस अफसरों के प्रमोशन समय पर हो सके। इसके साथ ही संवर्ग के ग्रेड-पे 12000 में दो, ग्रेड-पे 10,000 में 12 और 8900 ग्रेड-पे में 18 पद रिक्त हैं। इन पदों को भी तत्काल भरा जाए। संघ के सदस्य पीसी दुम्का, जीसी गुणवंत, शैलेंद्र नेगी, एबी वाजपेयी आदि ने प्रजेंटेशन दिया। विभिन्न सत्रों में अलग-अलग अफसरों ने संचालन किया।

# OMG 141 साल से चल रहा है इस चर्च का काम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जनवरी : स्पेन के बार्सिलोना में सगरादा फमिलिया एक रोमन कैथोलिक चर्च है, जिसे बासिलिका आई टेंपल एक्सपियातोरी डे ला सग्रादा फमिलिया के नाम से भी जाना जाता है. आपको जानकर हैरानी होगी कि ये चर्च 141 साल से बन रहा है, फिर भी इसका काम पूरा नहीं हो पाया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2026 या 2032 तक इसके पूरे होने की उम्मीद है. यह दुनिया का सबसे बड़ा निर्माणाधीन कैथोलिक चर्च है. अब वायरल हो रहे एक वीडियो पूरी इमारत की झलक दिखी है

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक यूजर ने पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में बताया गया है कि, 'सगरादा फमिलिया का निर्माण 1882 में शुरू हुआ और इसके 2026 तक पूरा होने का अनुमान है. पूरी बनने पर यह बिल्डिंग कुछ इस तरह की दिखेगी.' बता दें कि यह चर्च स्पेन के इक्साम्पल जिले में स्थित है.

19 मार्च 1882 को इस चर्च का निर्माण शुरू हुआ था जिसका निर्माण कई कारणों से अभी तक पूरा नहीं हो पाया है. हालांकि पूरा होने पर यह यूरोप की सबसे ऊंची धार्मिक इमारत होगी. चर्च को एंटोनी गौडी (1852-1926) द्वारा डिजाइन किया गया था, लेकिन बाद में इसकी डिजाइन में बदलाव किया गया. यह चर्च यूनेस्को की वर्ल्ड हेरीटेज साइट की सूची में शामिल है.


सगरादा फमिलिया 1882 से निर्माणाधीन है और इसके 2026 या 2032 तक पूरा होने की उम्मीदें जताई जा रही हैं. डिजाइन में परिवर्तन, फंडिंग की चुनौतियां, बाहरी घटनाएं, द स्पैनिश सिविल वॉर और कोविड-19 महामारी कुछ ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से ये चर्च अभी तक नहीं बन पाया है. अब चर्च को दान और टिकट शुल्क से मिले पैसों से बनाया जा रहा है.



# मसूरी में नई पार्किंग बनकर तैयार, पर्यटकों को मिलेगी राहत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 जनवरी : पहाड़ों की रानी मसूरी पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। हर साल लाखों पर्यटक यहां की खूबसूरत वादियों का दीदार करने पहुंचते हैं, हालांकि इस दौरान पर्यटकों को कई तरह की परेशानियों से भी जूझना पड़ता है, पार्किंग की समस्या इनमें से एक है। इस समस्या के समाधान के लिए लंबे वक्त से प्रयास किए जा रहे हैं। अब यहां करीब तीन सौ वाहनों के लिए नई पार्किंग बनाई गई। पार्किंग बनकर तैयार है। उम्मीद है पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त होने पर पर्यटकों को यहां-वहां गाड़ी पार्क नहीं करनी पड़ेगी। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने मसूरी में जीरो प्वाइंट टाउनहाल के पास 300 वाहन क्षमता की पार्किंग को मार्च तक शुरू करने के निर्देश दिए हैं।उपाध्यक्ष ने बताया कि यह पार्किंग तैयार हो गई है, लेकिन कुछ एमओयू और अन्य तकनीकी प्रक्रिया शेष हैं। यह औपचारिकताएं जल्द पूरी कर ली जाएंगी।



इस पार्किंग के शुरू होने से मसूरी आने वाले सैलानियों को काफी राहत मिलेगी।

एमडीडीए सभागार में हुई बैठक में पार्किंग को लेकर निर्णय लिया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष ने शमन कैंप लगाने, सिटी फारेस्ट पार्क परियोजना, आवासीय परियोजनाओं, पार्किंग और आढ़त बाजार परियोजना की बिंदुवार समीक्षा की और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बता दें कि वर्तमान में मसूरी में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सैलानियों को मसूरी से नीचे देहरादून की ओर सड़क किनारे वाहन खड़े करने पड़ते हैं। जिससे कई बार मसूरी से लेकर देहरादून तक जाम लग जाता है। नई पार्किंग के शुरू होने के बाद यह समस्या दूर हो जाएगी।

# हरिद्वार शहर से यहाँ शिफ्ट होंगी सभी मीट की दुकानें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 27 जनवरी : धर्मनगरी हरिद्वार से सभी मीट की दुकानों को शिफ्ट किया जाएगा। मीट की दुकानों को सराय गांव में शिफ्ट करने की योजना है। धर्मनगरी के रूप में विख्यात हरिद्वार करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां मांस-मदिरा पर प्रतिबंध है। यही वजह है कि शराब की दुकानों को भी शहर से बाहर खोला गया है।

अंग्रेजों के जमाने के म्युनिसिपल एक्ट के तहत नगर निगम क्षेत्र में मांस की बिक्री नहीं हो सकती है इसके बाद भी ज्वालापुर क्षेत्र में कई मांस की दुकानें चल रही हैं। जिनका कई हिंदूवादी संगठनों द्वारा विरोध भी किया जाता रहा है। इसे देखते हुए डीएम ने नगर आयुक्त को मांस की दुकानों को शिफ्ट करने के लिए निर्देश दिए थे।

निर्देश के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने मीट कारोबारियों के साथ मीटिंग की। जिसमें नगर निगम क्षेत्र से बाहर सराय गांव में मीट की दुकानों को शिफ्ट करने पर



सहमति बनी है। मुख्य नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में आ रही सभी मीट की दुकानों को सराय में शिफ्ट किए जाने का प्लान बनाया जा रहा है। जिसके लिए मीटिंग भी की गई है। नॉनवेज रेस्टोरेंट पर बोलते हुए मुख्य नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने कहा कि सबसे पहले मीट की दुकानों पर फोकस किया जा रहा है। इसके बाद रेस्टोरेंट को लेकर योजना बनाई जाएगी। नगर निगम क्षेत्र में कुल 90 मीट की दुकानें हैं। जल्द ही इन सभी दुकानों को सराय में एक स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। जिससे धर्मनगरी हरिद्वार की गरिमा बनी रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### घिल्डियाल ने दिए बच्चों को दिए टिप्स

श्रीनगर। शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक आचार्य डॉ. चंडी प्रसाद घिल्डियाल ने शनिवार को राजकीय बालिका इण्टर कालेज श्रीनगर में परीक्षा पर कार्यक्रम के तहत छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट मार्ग नहीं होता है, बस लगन पूर्वक और धैर्य पूर्वक परिश्रम करना ही इसका मूल मंत्र है, और यदि सफलता नहीं भी मिलती है तो फिर से प्रयास प्रारंभ कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं है, कि सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो कुछ बच्चे कम मेरिट में भी उत्तीर्ण हो सकते हैं, जीवन बहुत सारे कार्यों के लिए बना होता है, इसलिए बच्चे धैर्य पूर्वक निष्काम कर्म करते हुए बोर्ड परीक्षाओं के लिए परिश्रम करें, किसी प्रकार दबाव में अथवा डिप्रेशन में आने की आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमनलता पंवार, संगीत शिक्षिका लता पांडे, वरिष्ठ प्रवक्ता लक्ष्मी राय, प्रभा कुंवर, दीना कुकसाल, रोशनी, केडी पुरोहित, पूनम रावत, मंजू जुयाल, संध्या आदि मौजूद थे।

### कोटद्वार में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

कोटद्वार। कोटद्वार और आसपास के क्षेत्रों सहित सभी विद्यालयों में देश का गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर देश के गणतंत्र के इतिहास को याद किया गया। गणतंत्र दिवस पर यातायात कंपनी जीएमओयू लि. मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जामा मस्जिद में नव नियुक्त अध्यक्ष ताजुद्दीन इदरीसी और इमाम बदरूल इस्लाम ने ध्वज फहराया। जिला कांग्रेस कार्यालय कोटद्वार में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण करने का दिन है। कहा कि यह प्रत्येक भारतीय की जिम्मेदारी है कि हम मूल्यवान संविधान की रक्षा करें। किंगडम आफ हैवन चाइल्ड केयर संस्था में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तु किए। राजकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य प्रो. एम डी कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया। डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य नितिन भाटिया व एसजीआरआर पैरामेडिकल कालेज में प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही आसपास के विद्यालयों में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।

### महंगाई के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार

कोटद्वार। विकास खंड एकेश्वर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में नौगांवखाल में संपन्न बैठक में लगातार बढ़ती महंगाई के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया गया। इस अवसर पर चौबट्टाखाल विधानसभा प्रभारी बलबीर सिंह रावत ने कहा कि धर्म-सम्प्रदाय व राम- नाम की आड़ में राजनीति कर रही भाजपा सरकारें प्रचंड महंगाई, बेरोजगारी, महिला अत्याचार, शोषण आदि मुद्दों से ध्यान भटका रही है, जिसके दुष्परिणाम निःसन्देह सामने आएंगे। अंकिता भंडारी जैसे जघन्य हत्याकांड, बागेश्वर, खटीमा आदि दुष्कर्मों में भाजपा विधायक और कार्यकर्ता शामिल हैं जिन्हें सरकार संरक्षण प्रदान कर रही हैं। कहा कि इन सारे मुद्दों पर जनता को आगाह करने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि अग्निवीर योजना नौजवानों के साथ ठगी के साथ ही उत्तराखंड जैसे राज्य, जहां से लगभग प्रत्येक परिवार का व्यक्ति फौज में है, वहां के नागरिकों के जीवन स्तर को गिराने की योजना है। कहा कि इन सब बिंदुओं पर जनता को जागरूक किया जायेगा। इस मौके पर विकास रावत, सुरेश चंद्र, नरेंद्र सिंह, उमेन्द्र सिंह, पंकज, रविन्द्र कुमार, ताजबर सिंह, गमाल सिंह, महिपाल सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह रावत, हरिमोहन सिंह नेगी और सुनील कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### रोजगार दो, न्याय दो पोस्टर लांच किया

कोटद्वार। जिला युवा कांग्रेस कोटद्वार जिला अध्यक्ष विजय रावत ने शनिवार को रोजगार दो, न्याय दो पोस्टर लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोस्टर के माध्यम से एक टोल फ्री नंबर जारी किया गया है जिस पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता घर- घर जाकर बेरोजगार युवाओं से मिसकाल करवायेंगे। इससे 2014 से बाद बेरोजगार युवाओं का आंकड़ा लिया जाएगा।कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा सत्ता में आते ही युवाओं को रोजगार देने की बात कही गयी थी लेकिन वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा बेरोजगारी के आंकड़ों को भी छुपाया जा रहा है,क्योंकि वह रोजगार देने में समर्थ नही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा कांग्रेस बेरोजगार युवाओं के आंकड़े जुटाएगी और जनता के समक्ष रखेगी। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस पंकज खत्री, आमिर, अंकित, मनीष,चंचल, दीपा, ज्योति, लता और सपना सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम धामी ने किया उत्तराखण्ड प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुभाष रोड, देहरादून स्थित एक होटल में उत्तराखण्ड प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संघ की वार्षिक पत्रिका 'आरोही' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने अधिवेशन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ द्वारा जो मांग पत्र दिया गया है, उन पर उचित कार्यवाही की जायेगी। सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सरकार के प्रमुख अंग हैं। जब आपके द्वारा जनहित में सराहनीय कार्य किये जाते हैं, तो इससे सरकार के प्रति जनता का और विश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी सरकार और जन सामान्य के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं। सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनको आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हमारे अधिकारी हैं। आप जनता और सरकार के मध्य जितना अच्छा समन्वय स्थापित करेंगे, जनहित में कार्य और तेजी से होंगे। सरकार द्वारा लिये गये नीतिगत निर्णयों को धरातल पर उतारने की पूरी जिम्मेदारी अधिकारियों पर होती है। उन्होंने कहा कि आप गुड गवर्नेंस के अग्रदूत हैं। सभी अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने अपील की कि गुड गवर्नेंस और इनोवेशन पर जोर दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में उत्तराखण्ड की एक अलग छवि बनी है, इस छवि को बनाये रखने के लिए हमारे सभी अधिकारियों को ब्रांड एम्बेस्डर के नाते कार्य करना है। उत्तराखण्ड को श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। देशभर में सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड की एक अलग छवि बन रही है, इस छवि को कायम रखने की जिम्मेदारी आप लोगों पर है। उन्होंने कहा कि प्रान्तीय सिविल सेवा सामान्य सेवा नहीं है।

## संपादकीय



# म्यांमार सीमा पर बाड़

म्यांमार में 2021 में लोकतांत्रिक सरकार को हटाकर सैन्य शासन स्थापित किए जाने के बाद लगातार गृह युद्ध की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, सेना के सत्ता संभालने के बाद से ही लोकतंत्र समर्थकों द्वारा लगातार प्रतिरोध किया जाता रहा है, लेकिन अब कुछ सशस्त्र जातीय समूहों द्वारा सेना के खिलाफ मोर्चा खोल देने से सशस्त्र संघर्ष ने व्यापक रूप ले लिया है। इस संघर्ष की वजह से हजारों की संख्या में शरणार्थी सीमा पार करके भारत में प्रवेश कर चुके हैं। अब तो सशस्त्र विद्रोहियों से जान बचाने के लिये सैकड़ों सैनिक भी भारत में प्रवेश करने लगे हैं, जिन्हें वापस भेजने पर सहमति बन रही है। इन हालात को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय का कहना है कि म्यांमार से लगती भारतीय सीमा पर अब बाड़ लगायी जाएगी। हालांकि, पर्वतों व नदी वाले बेहद जटिल इलाके में बाड़ लगाना एक दुष्कर कार्य है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाना जरूरी हो गया है। पिछले अनुभव देखें तो बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने से कानून-व्यवस्था की स्थिति में खासा सुधार देखा गया है। दरअसल, म्यांमार से भारत के चार राज्यों अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नगालैंड व मणिपुर की सीमा लगती है। यह सीमा करीब 1643 किलोमीटर लंबी है। इस समस्या का जटिल पक्ष यह है कि दोनों देशों के लोगों की आवाजाही निर्बाध रूप से जारी रहती है। जिसके लिये एक सीमित इलाके तक वीजा लेने की जरूरत नहीं होती। इतना ही नहीं, दोनों देशों के लोग एक-दूसरे के इलाके में हाट-बाजार करके घर वापस आ जाते हैं। इसके अलावा सीमा के दोनों तरफ रहने वाली आबादी के बीच गहरे सामाजिक व आर्थिक रिश्ते आज भी कायम हैं। ऐसे में बाड़ लगाने के प्रयासों का स्थानीय स्तर पर विरोध होने की आशंका है। यहां तक कि मिजोरम के मुख्यमंत्री भी इस फैसले से असहमति जता चुके हैं। लेकिन राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर इस दिशा में कदम उठाये जाने की जरूरत है। लेकिन यह भी हकीकत है कि सशस्त्र विद्रोहियों व म्यांमार की सैन्य सरकार के बीच लगातार बढ़ते टकराव के चलते यह संकट आने वाले दिनों में और बढ़ने की आशंका है। जिसके चलते शरणार्थी संकट के बढ़ने के ही आसार हैं। हाल-फिलहाल विद्रोहियों के हमलों से बचने के लिये भारतीय सीमा में घुस आए सैकड़ों म्यामांरी सैनिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया भी चल रही है। इस संकट को देखते हुए केंद्र सरकार मुक्त आवागमन की व्यवस्था को बदलने की बात कह रही है। दरअसल, सैन्य तख्ता पलट के बाद म्यांमार के तीन अल्पसंख्यक जनजातीय समूहों के विद्रोहियों द्वारा एकजुट होकर हमला करने से म्यांमारी सेना की मुश्किलें अधिक बढ़ गई हैं। यहां तक कि म्यांमार की सेना अपने देश के असंतुष्ट लोगों पर भी हवाई हमले तक कर रही है। जिसकी वजह से मिजोरम व मणिपुर की सीमा से लगते इलाकों में बड़ी संख्या में शरणार्थी पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि अकेले मिजोरम के सीमावर्ती इलाकों में लगाए गए शिविरों में शरणार्थियों की संख्या तीस हजार से अधिक हो चुकी है। निस्संदेह, अच्छे पड़ोसी के नाते भारत म्यांमार के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहता है, लेकिन अपने देश की चिंताओं को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता। निस्संदेह, देश में शरणार्थियों के आने से भारतीय सीमावर्ती राज्यों के संसाधनों पर जन दबाव बढ़ेगा।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# मल्ड महादेव की जात में भक्तों ने लिया आशीर्वाद

श्रीनगर। कीर्तिनगर ब्लॉक के डागर ग्राम सभा स्थित खैरालिंग मल्डमहादेव की नौ दिवसीय जात का प्रसाद वितरण के साथ समापन हो गया है। नौ दिवसीय जात के दौरान मल्ड महादेव की भूमि भक्तिमय माहौल में डूबी रही। इस दौरान आस पास के गांवों से भक्त हर दिन सैकड़ों की संख्या में देव पश्वाओं से आशीर्वाद लेने पहुंचे। साथ ही मंदिर प्रांगण में देव पश्वाओं ने अवतरित होकर श्रद्धांलुओं को आशीर्वाद वचन देकर सभी क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। साथ ही जात में स्थानीय महिलाओं व महिला मंगल दलों द्वारा कीर्तन भजनों की प्रस्तुतियों ने क्षेत्र में भव्य आयोजन का रूप दिया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन एवं बच्चों की खेलकूद व शैक्षणिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी। बारह सालों बाद आयोजित नौ दिवसीय जात के समापन अवसर पर पहुंचे हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले युवा लोकगायक मृणाल रतूड़ी व अंजू नेगी ने अपनी सांस्कृतिक संध्या में भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं समिति के संचालक सदस्य अरुण नेगी ने बताया कि लगभग 12 साल बाद आयोजित हुई इस जात को पहली बार ऐतिहासिक आयोजन का रूप दिया गया। नेगी ने कहा कि जात में स्थानीय माहिलाओं, बच्चों एवं स्थानीय दुकानदारों को मंच मिला। उन्होंने बताया कि सभी लोगों के सहयोग से भविष्य में भी इस तरीके के आयोजन को और भव्य रूप दिया जायेगा। जिससे संस्कृति संरक्षण के साथ-साथ, स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढने का मौका मिलता रहे। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंगल नेगी,प्रधान रवि नेगी, सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष महावीर कलेठा,बलदेव जयाड़ा,प्रकाश जोशी,तेजपाल नेगी,परविंद नेगी,मुकेंद्र नेगी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रधान स्वीत राजेंद्र सहित कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

श्रीनगर। भाजपा की रीती नीति और कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अदिति स्मृति न्यास में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने भाजपा में सम्मलित हुए लोगों को सदस्यता ग्रहण करवाई। कहा कि श्रीनगर नगर निगम क्षेत्र में पांच स्थानों पर गरीब एवं जरूरतमंदों हेतु बारात घर बनाए जाएंगे। 3 फरवरी को पौड़ी में पूर्व सीडीएस स्व. विपिन रावत की 10 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण, गंगादर्शन में 100 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का लोकार्पण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहेंगे। कहा कि शीघ्र ही 60 वर्ष से अधिक उम्र पार कर चुके लोगों को अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन कराए जाएंगे। बताया कि श्रीनगर क्षेत्र के प्रत्येक मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि लोगों के प्यार के चलते ही श्रीनगर विधानसभा की जनता ने मुझे उत्तराखंड विधानसभा में चुनकर भेजा है। क्षेत्र का चहुमुखी विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास की धारणा को लेकर आगे बढ़ रही है।

जिससे अन्य दलों के लोग भी प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा की सदस्यता लेने वालों में स्वीत प्रधान राजेंद्र मोहन, अरुण कुमार, रामी भंडारी, सुशील बिष्ट ,सुमित बिष्ट, प्रकाश रावत, आदित्य डुकलान, आंचल धनाई, सरस्वती देवी, अनीता देवी, अमिता बडोनी, अंजलि रावत सहित आदि शामिल थे। इस मौके पर श्रीनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण, सौरभ पांडे, वासुदेव कंडारी, गिरीश पैन्यूली, जितेंद्र रावत, लखपत भंडारी, गणेश भट्ट, प्रेम बल्लभ नैथानी, सुधीर जोशी सहित आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### टीएचडीसी में ई-ज्ञान संचय का शुभारंभ

ऋषिकेश। टीएचडीसी के कॉरपोरेट कार्यालय ऋषिकेश में गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम ऋषिकेश के संशोधित विजन, मिशन और मूल्यों के साथ-साथ अत्याधुनिक शिक्षण प्रबंधन प्रणाली ई-ज्ञान संचय का शुभारंभ किया गया। टीएचडीसी में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने कहा कि नगर निगम के नए विजन, मिशन और मूल्य समसामयिक आदर्शों के साथ जुड़े रहने और हमारे भावी प्रयासों के लिए एक मजबूत आधार सुनिश्चित करने के लिए टीएचडीसी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कंपनी की प्रगति और समृद्धि में सिद्धांतों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और इनको मजबूत करने की दिशा में कर्म मूल्य पार्क की नींव रखी। उन्होंने कहा कि यह प्रतीकात्मक कार्य टीएचडीसी के विजन, मिशन और मूल मूल्यों के सार को उजागर करता है, जो इसके मार्गदर्शक सिद्धांतों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता की एक ठोस अभिव्यक्ति के रूप में कार्य करता है। इस दौरान उन्होंने अत्याधुनिक शिक्षण प्रबंधन प्रणाली ई-ज्ञान संचय का भी उद्घाटन किया। कहा कि इस ई-पोर्टल को लॉन्च करना विद्युत उत्पादन और उससे आगे के गतिशील क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए आवश्यक व्यापक ज्ञान और कौशल के साथ अपने कार्यबल को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता। ई-ज्ञान संचय के माध्यम से टीएचडीसी अपने मानव संसाधन को सशक्त बनाने, निरंतर सीखने और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। यह पहल सभी संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कंपनी के समर्पण को रेखांकित करती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कार्यबल ऊर्जा परिदृश्य की लगातार बदलती व्यावसायिक गतिशीलता के लिए कुशलता के साथ तैयार रहे।

### तेज रफ्तार बस की टक्कर से स्कूटी सवार एक युवक की मौत, दूसरा घायल

ऋषिकेश। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दूसरा जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर घायल को आपातकालीन सेवा से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह शीशमझाड़ी निवासी 26 वर्षीय विजय पुत्र कवरपाल शादी समारोह में बैलून लगाने के लिए स्कूटी से शिवपुरी जा रहा था। उसके साथ दोस्त सिद्धार्थ भी जा रहा था। शिवपुरी चौकी के नजदीक पीछे से आ रही निजी परिवहन कंपनी की बस ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर चोटें लगने के चलते विजय की मौके पर ही मौत हो गई। सिद्धार्थ को घायल अवस्था में पुलिस ने आपातकालीन 108 एंबुलेंस सेवा से ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में सिद्धार्थ का पैर और हाथ की अंगुलियां फ्रैक्चर हो गई। एसएसआई योगेश पांडेय ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बस फिलहाल पुलिस के कब्जे में है। परिजनों की शिकायत मिलने पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैफिक व कानून व्यवस्था को सुधारे पुलिसः अग्रवाल

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश में ट्रैफिक और कानून व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के साथ आस्था पथ पर गश्त बढ़ाने को कहा। शनिवार को बैराज रोड स्थित कैम्प कार्यालय में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारा जाए। आवश्यकतानुसार ट्रैफिक को डायवर्ट भी किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों और बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को जाम की समस्या न झेलनी पड़े। कहा कि आस्थापथ पर गश्त बढ़ाई जाए, ताकि वहां का स्वरूप यथावत बना रहे और असमाजिक तत्वों का आस्थापथ पर जमावड़ा ना हो। पुलिस की नियमित गश्त होने से यहां वॉक करने आने वाले लोगों को सुरक्षात्मक माहौल मिलेगा। कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के अनुसार नियमित रूप से मादक पदार्थों की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहे। युवा पीढ़ी को नशे के खिलाफ जागरूक करते रहना होगा। मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप नेगी, प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश कोतवाली शंकर सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

### आश्रम नहीं ऐश और आराम है यहां

देहरादून। यहां एक स?थानीय आश्रम में बवाल के बाद पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार किया है। वहीं स?थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यह आश्रम नहीं बल्कि ऐश और आराम की जगह है। पूरे मामले को देखते हुए जिलाधिकारी ने एक समिति का गठन कर जांच के आदेश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बीती रोज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पटेलनगर क्षेत्रान्तर्गत कडवापानी नयागाँव स्थित हरिओम आश्रम जहाँ पर गौशाला बनी हुई है कुछ लोग महिला पुरुष वहाँ पर जाकर गायों की वीडियो बना रहे है जिस कारण दोनो पक्षो मे विवाद हो रहा है इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स के मौके पर पंहुचे तो उक्त गौशाला मे राधा सेमवाल धोनी अपने समर्थको के साथ गौशाला की वीडियो बना रहे थे और गायो को लेकर काफी आक्रोशित थे। जो सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो वायरल कर लोगो भडकाने का काम कर रहे थे और उनके साथ उपस्थित महिला पुरुष सभी लाठी-डण्डो से लेस होकर गौशाला के कमरो मे मौजूद सभी कर्मचारियों के साथ मारपीट, गाली गलौच कर रहे थे और गौशाला के बाहर खडे वाहनो को भी लाठी-डण्डो से तोड-फोड कर क्षतिग्रस्त कर रहे थे। मौके पर काफी समझाने का प्रयास किया गया किन्तु वह नही माने जिस कारण उक्त उपस्थित सभी व्यक्तियो के विरुद्ध प्रभारी निरीक्षक थाना पटेलनगर द्वारा कोतवाली पटेलनगर में अभियोग पंजीकृत कराया गया। जिसके क्रम मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु राधा सेमवाल धोनी व मोहित बडथ्वाल को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त गणो को आज नियमानुसार माननीय न्यायालय मे पेश किया जा रहा है । वहीं दूसरी ओर राधा सेमवाल धोनी द्वारा कडवापानी नयागांव स्थित हरिओम आश्रम में रखी गयी गौं वशों के साथ आश्रम संचालक द्वारा बर्बरता किये जाने तथा इस समबन्ध में उनसे जानकारी करने पर आश्रम में कार्यरत महिलाओं व पुरुषो द्वारा उनके साथ मारपीट कर गाडियो को क्षतिग्रस्त करने के समबन्ध में थाना पटेलनगर पर राधा सेमवाल धोनी द्वारा दी लिखित तहरीर , जिसके आधार पर थाना पटेलनगर में हरिओम व शिवोहम व उनके अन्य साथी निवासी हरिओम आश्रम कड़वापानी नयागांव के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। इस पूरे मामले में शनिवार की सुबह नया मोड़ ले लिया जबकि सैकड़ों की संख?या में लोग नारेबाजी करते आश्रम पहुंचे और उन?होंने आरोप लगाया कि आश्रम में अनैतिक गतिविधियां होती हैं और लगातार यहां पशुओं पर क्रूरता की जाती है साथ ही यह आश्रम यहां गुण?डो बदमाशों का आश्रम बना हुआ है यहां कई तरह के ऐसे कृतय होते हैं जो कि समाज पर कलंक हैं। इस पूरे आश्रम की जांच के लिए स?थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया। जिस पर जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया देश का 75 वां गणतंत्र दिवस

# पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली। राष्ट्रीय पर्व ''गणतंत्र दिवस'' राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता एवं सांप्रदायिक सौहार्द की भावना के साथ जिले में बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी, अद्र्ध सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। क्लेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने ध्वजारोहण कर कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश के संविधान को आत्मार्पित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ परिपालन करने और मिलजुल कर परोपकार की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में मिलजुल कर कार्य करते हुए हम समानता की तरफ बढा सकते है। इस अवसर पर अमर शहीदों के बलिदानों को याद करते हुए शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

देश के 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन पुलिस मैदान गोपेश्वर में हुआ। पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने ध्वाजारोहण कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। पुलिस एवं एनसीसी जवानों की टुकडियों ने पुलिस बैंड के साथ शानदार रैतिक परेड निकालते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। वही स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुलिस, अग्निशमन, एनडीआरएफ, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, उद्योग, उद्यान, कृषि एवं स्वास्थ्य विभागों ने विकासपरक झांकियां खासे आकर्षण का केन्द्र रही।

मुख्य अतिथि गढवाल सांसद ने अमर शहीदों को नमन करते हुए सभी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारा देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है और गणराज्य बनने से अब तक देश ने कई उपलब्धियां हासिल की है। मा0 सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का चौतरफा विकास हो रहा है। वन नेशन वन एजुकेशन की पॉलिसी लागू की गई है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2047 में जब हम आजादी का शताब्दी मना रहे होंगे, तो हमारा देश एक विकसित राष्ट्र होगा और वसुधैव कुटुंबकम की भावना से पूरे विश्व कल्याण में अग्रीण राष्ट्र होगा। इस दौरान मुख्य अतिथि ने सडक़ दुर्घटनाओं में पीडितों की मदद करने वाले गुड सेमिरिटन के तहत 16 लोगों को सम्मानित किया। साथ ही पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस पर शानदार रैतिक परेड में नागरिक पुलिस बल का प्लाटून को प्रथम,




महिला होमगार्ड को द्वितीय तथा पुरूष होमगार्ड को तृतीय स्थान मिला। विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में क्राइस्ट एकेडमी के बच्चों ने पहला, सुबोध प्रेम विद्या मंदिर ने द्वितीय तथा बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि विकासपरक झांकियों में शिक्षा विभाग की झांकी को पहला स्थान मिला। गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित इस पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता जयदीप झिंक्वाण एवं अग्निशमन विभाग के सौरभ पुरोहित द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, सीडीओ अभिनव शाह, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चें एवं बडी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद थी।

# खडग़े उत्तराखंड से करेंगे लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े आज (रविवार को) देहरादून से पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज करने जा रहे हैं। इससे एक दिन पहले कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं ने एक मंच पर आकर भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार को निशाने पर लिया। शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खडग़े रविवार को देहरादून से केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नाकामी को जनता के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें हर मोर्चे पर नाकाम रही है, माहरा ने कहा कि पार्टी के लिए यह सौभाग्य की बात है कि लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज देवभूमि उत्तराखंड से किया जा रहा है। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि अग्निवीर योजना से पहाड़ के युवाओं का भविष्य चौपट हो गया है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में देश के साथ ही प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं, उन्होंने कहा कि खडग़े के दौरे से घबराई सरकार ने कांग्रेस को परेड ग्राउंड की जगह आवंटित नहीं की। जिला प्रशासन से लेकर मंत्री तक उपर के आदेश होने की मजबूरी गिनाते रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि खडग़े की रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि उद्यान विभाग की तरह ही खनन विभाग में जमकर खेल किया जा रहा है, सरकार इसकी जांच कराने को तैयार नहीं है। इस मौके पर संचार विभाग की उत्तराखंड प्रभारी डॉ. चयनिका उनियाल, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, मीडिया प्रभारी पीके अग्रवाल, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी भी उपस्थित हुए।

खडग़े साढ़े 12 पहुंचेंगे दून: कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े रविवार 28 जनवरी को साढ़े 12 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुचेगें, वहां से वो हेलीकॉप्टर के जरिए पुलिस लाईन उतरेंगे, यहां से वो पहले बन्नू स्कूल ग्राउंड में आयोजित बूथ स्तरीय विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद उनका प्रदेश कांग्रेस भवन में वरिष्ठ नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। खडग़े के दौरे के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देहरादून पहुंच चुके हैं।

# लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 30वें संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर राज्यपाल ने किया बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 30वें संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। 30वें संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर की 26 विभिन्न सेवाओं और संस्थाओं के 57 वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया है जिनमें 07 महिला अधिकारी भी शामिल रहीं।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए नागरिक प्रशासन एवं सशस्त्र बलों का समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें हर स्तर पर संयुक्तता और समन्वय को बढ़ावा देना चाहिए, एकजुटता व एकता हमारे सबसे बड़े संसाधन हैं। राज्यपाल ने कहा कि इसके लिए हमें समन्वय और सहयोग के विभिन्न आयामों के साथ नागरिक-सैन्य सहयोग के सुसंगठित संस्थागत ढ़ाचे को सुदृढ़ बनाना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे बेहद महत्वपूर्ण विषय के लिए सशस्त्र बलों की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है कि हम इसके लिए प्रतिबद्ध रहें। राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक के अंदर राष्ट्र प्रथम की भावना होना जरूरी है और देश का प्रत्येक नागरिक अपने आप में एक सैनिक है। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि राष्ट्रहित और जनहित में किए जाने वाले कठोर निर्णय लेते हुए हमें हिचकिचाना नहीं चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सुरक्षा के हमें तकनीकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह समय सोच, विचार और धारणा को बदलने का समय है। हमनें अब राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया है, आज भारत सभी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

राज्यपाल ने कहा कि यदि देश का हर एक नागरिक आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर अपने कर्तव्यों का पालन करें तो राष्ट्र का भविष्य स्वर्णिम होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंधन के लिए सिविल सेवा और सशस्त्र बलों के साथ चिंतन, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारी एकता और संयुक्तता की भावना को राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ एक सर्वव्यापी तत्व के रूप में जोड़ते हैं।

राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि प्रशासन अकादमी में संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम नागरिक-सैन्य एकीकरण की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में समन्वय और सहयोगी की समझ विकसित करने में सिविल सेवकों तथा सशस्त्र बलों के अधिकारियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्रियाकलापों में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम में अकादमी के निदेशक श्रीराम तरणिकांति, संयुक्त निदेशक सौजन्या, कोर्स समन्वयक डॉ. अनुपम तलवार सहित विभिन्न सेवाओं के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रीन हाईड्रोजन से टीएचडीसी परिसर होगा रोशन: विश्नोई

ऋषिकेश। टीएचडीसी ने 75वें गणतंत्र दिवस पर नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के साथ मिलकर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन में एक बेंचमार्क स्थापित किया है। इससे बने ईंधन से टीएचडीसी परिसर को रात्रि में रोशन किया जाएगा। शुक्रवार को टीएचडीसी के ऋषिकेश कार्यालय परिसर में इलेक्ट्रोलाइजर एंड फ्यूल सेल आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने किया। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट एक मेगावाट रूफटॉप सोलर प्लांट से इनपुट ऊर्जा प्राप्त करके दैनिक आधार पर 50 किलोग्राम ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा। उत्पादित ग्रीन हाइड्रोजन को दो भंडारण टैंकों में संग्रहित किया जाएगा और 70 किलोवाट पीईएम ईंधन सेल के माध्यम से टीएचडीसी कार्यालय परिसर को रोशन करने के लिए रात के समय में उपयोग किया जाएगा। यह परियोजना भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रोलाइजऱ एंड फ्यूल सेल आधारित पायलट प्रोजेक्ट होगा। टीएचडीसी की यह उल्लेखनीय उपलब्धि ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, एच 2 स्टोरेज में शामिल प्रमुख प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन के लिए आदर्श के रूप में कार्य करेगी तथा इसमें पीईएम (प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन) हाइड्रोजन ईंधन सेल-आधारित माइक्रोग्रिड प्रणाली की सुविधा है। यह पहल हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सतत प्रथाओं को आगे बढ़ाने और नवीन समाधानों को अपनाने के लिए टीएचडीसी के समर्पण को रेखांकित करती है। मौके पर निदेशक कार्मिक शैलेन्द्र सिंह, निदेशक तकनीकी भूपेन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव पहुंचे उत्तराखंड

ऋषिकेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस घोषणापत्र समिति के राष्ट्रीय संयोजक टीएस सिंह देव उत्तराखंड पहुंचे। वे लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सुझाव लेंगे। शनिवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उसके बाद वे सडक़ मार्ग से देहरादून के लिए रवाना हो गए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि टीएस सिंह देव और कांग्रेस सीडब्ल्यूसी सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल रेसकोर्स स्थित अमरीक हॉल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसमें वे लोकसभा चुनाव घोषणापत्र के लिए सभी वर्गों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सुझाव लेंगे। स्वागत करने वालों में कांग्रेस संचार विभाग के राष्ट्रीय सचिव वैभव वालिया, कांग्रेस सोशल मीडिया राष्ट्रीय संयोजक गौतम नौटियाल, अजय रावत, शुभम काम्बोज आदि मौजूद रहे।

### आमजन को दी योजनाओं की जानकारी

ऋषिकेश। रानीपोखरी के थानो में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। इसमें क्षेत्रवासियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारियां दी गई। शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से थानो इंटर कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ जिला जज हर्ष यादव ने किया। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को जागरूक करने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना है। इस शिविर में तमाम विभागों द्वारा आम लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश पर यह अभियान अलग-अलग जगहों पर चलाया जा रहा है, ताकि दूर दराज के लोग जिन्हें सरकारी योजनाओं और विधिक सम्बन्धी जानकारी नहीं मिल पाती, उन्हें पूरी जानकारी मिल सके। शिविर के जरिए सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन भी मांगे गए हैं। इसमें कई लोगों ने वृद्धा और दिव्यांग पेंशन जैसी योजनाओं के आवेदन भी जमा किये हैं। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, वन विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### एकम्स ने सफाई करने के लिए सौंपे ई-रिक्शा

हरिद्वार। सिडकुल स्थित एकम्स ग्रुप ने अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वाहन करते हुए एकम्स ने लक्की ग्लोबल फाउंडेशन को स्वच्छता के लिए ई-रिक्शा दी। शनिवार को हरी झंडी देकर रवाना किया, जोकि रावली महदूद में प्रत्येक घर से सूखा कचरा एवम गीला कचरा उठाएंगे। भविष्य में और भी गली मोहल्लो मे कूड़ा उठाने के लिए और भी ई रिक्शा लगाई जाएगी।